प्रादेशिक समाचार
दिनांक–28.03.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आज धनबाद में मतदाता जागरूकता में अहम भूमिका निभाने वालों को किया सम्मानित, किया मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील।
- राज्य के 13 लोकसभा संसदीय क्षेत्र पर भाजपा और गिरिडीह से आजसू के चुनाव लड़ने का भाजपा ने लिया निर्णय, सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए गठबंधन की जीत का किया दावा ।
- पूर्व रांची सांसद रामटहल चौधरी कांग्रेस में हुए शामिल, कहा–लोकसभा चुनाव में पार्टी की होगी जीत।
- दुमका के बहुचर्चित पेट्रोल कांड के आरोपी शाहरुख हुसैन और मोहम्मद नईम अंसारी को पोक्सो एक्ट के तहत मिली आजीवन कारावास की सजा।
- आईपीएल क्रिकेट में आज जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा।

***************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड श्री के. रवि कुमार ने आज धनबाद स्थित शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में आयोजित मानव श्रृंखला कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता जागरूकता में अहम भूमिका निभाने वाले धनबाद की डिस्ट्रिक्ट आईकॉन श्वेता किन्नर एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए डिस्ट्रिक्ट आईकॉन प्रमोद कुमार यादव को सम्मानित किया। साथ ही धनबाद में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग के जरिए लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने मतदान के लिए उल्लास पूर्ण माहौल तैयार करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि इससे अधिक–से–अधिक लोग मतदान की प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे । उन्होंने शहरी मतदाताओं से कहा कि लोग मतदान को लेकर जागरूक बने और 25 मई को मतदान केंद्र जरूर पहुंचे।

***************

दुमका लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार सीता सोरेन आज रांची पहुंची। कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सीता सोरेन ने कहा कि झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट में भाजपा कि जीत होगी। पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीता सोरेन ने कहा कि उनके पति स्वर्गीय दुर्गा सोरेन ने झारखंड के आदिवासी, मूलवासी, अल्पसंख्यक और गरीब वंचित वर्ग के उत्थान का जो सपना देखा था वह सपना पूरा नहीं हुआ। इस लिहाज से 14 वर्षों तक जेएमएम में संघर्ष करने के बाद उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा छोड़ने और भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया। सीता सोरेन ने स्पष्ट करते हुए कहा कि भाजपा में शामिल होना उनका व्यक्तिगत निर्णय है इसके पीछे किसी भी प्रकार का राजनीतिक षड्यंत्र नहीं है।

***************

रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी आज कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। उन्होंने नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, रांची के पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय और मांडर के पूर्व विधायक बंधु तिर्की की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि किसी फैसले के लिए भाजपा में अन्य नेताओं कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से राय मशवरा नहीं लिया जाता है। साथ ही उन्होंन कहा कि राहुल गांधी ने जिस प्रकार से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की। जातीय जनगणना की मांग उठाई, उससे मैं काफी प्रभावित हूं।

***************

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने आजसू प्रमुख सुदेश महतो से मुलाकात कर सभी सीटों की रणनीति पर चर्चा हुई। वही बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि आजसू के साथ हमारा पुराना गठबंधन है। लोकसभा चुनाव के दौरान हम एक बार फिर साथ मिलकर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, इधर आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि एनडीए पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। हम इसके लिए तैयार हैं।

***************

हजारीबाग जिला स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में आज उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की संयुक्त अगुवाई में औचक निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने बताया कि नियमित

अंतराल में जेल का औचक निरीक्षण किया जाता है। जिला प्रशासन विधि व्यवस्था को लेकर हर बिंदुओं पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के भी तिथि जारी हो गई है इसे लेकर भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है साथ ही सभी विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है।

***************

भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय महासचिव ने कहा कि इस बार लोकसभा के चुनाव में झारखंड के 13 लोकसभा संसदीय क्षेत्र पर भाजपा के प्रत्याशी तथा एक संसदीय क्षेत्र गिरिडीह में आजसू पार्टी को लड़वाने का निर्णय गया है।

***************

देवघर जिला में सुचारू यातायात, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती करने और आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जगह जगह सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा है। कैमरे के माध्यम से लोकसभा आम चुनाव, 2024 के अलावा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से ये काम किया जा रहा है। सभी कैमरे जिओ फाइबर के माध्यम से जुड़े रहेंगे।

***************

साहेबगंज उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में आज जिला सुरक्षा समिति एवं कारा सुरक्षा समिति की बैठक की गई। इस दौरान कारा सुरक्षा से जुड़े मामलों की बारीकी से समीक्षा हुई साथ ही साथ ही कैदियों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाएं, सीसीटीवी कैमरा, जैमर, टेलीफोन बूथ, वाकी टॉकी की कार्यशीलता। सायरन सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर भी समीक्षा हुई। उपायुक्त ने परिजनों के द्वारा भेजे जाने वाली सामग्री की जांच कड़ाई से करने के साथ साथ निजी अंगरक्षक एवं अन्य पदाधिकारी के अंगरक्षको को औचक प्रशिक्षण करने निर्देश दिया गया।

***************

बोकारो समाहरणालय सभागार में आज भारत निर्वाचन आयोग के सचिव संतोष कुमार ने स्वीप के तहत चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा की इस क्रम में संतोष कुमार' ने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए बेहतर कार्य किये जा रहे है साथ ही उन्होंने मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार करने को कहा। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान कर सके।

***************

सिमडेगा उपायुक्त जय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने पैतानो गांव के राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय स्थित क्लस्टर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने पेयजल, शौचालय ,सुरक्षा व्यवस्था आदि की जानकारी ली। उन्होंने ओड़गा में महिलाओं को संबोधित करते हुए अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने की अपील की साथ ही ओड़गा में झारखंड ओडिशा अंतर्राजीय सीमा पर बनाए गए चेक पोस्ट का भी निरीक्षण किया।

***************

देवघर जिले में बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला योजना के तहत किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किये जा रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

***************

सीआईडी मुख्यालय में पीपिंग सेरेमनी में डीएसपी से प्रोन्नत हुए एएसपी दीपक कुमार और एएसआई से एसआई बने 6 अन्य पुलिस पदाधिकारियों को डीजी अनुराग गुप्ता और डीआईजी ने बैच लगाकर बधाई और शुभकामनाएं दी. कार्यक्रम ने सीआईडी के सभी पदाधिकारी और कर्मी शामिल हुए।

***************

झारखंड में दुमका के बहुचर्चित पेट्रोल कांड के आरोपी शाहरुख हुसैन और मो. नईम अंसारी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश पॉक्सो रमेश चंद्रा की अदालत ने दोनों आरोपियों को सजा सुनाई गई. इससे पहले 28 मार्च को दोनों को दोषी करार दिया गया था. मालूम हो कि इन दोनों ने दुमका के जरूवाडीह मुहल्ले में 23 अगस्त 2022 में 17 साल की नाबालिग को उस वक्त खिड़की से पेट्रोल छिड़क कर जला दिया था, जब वह अपने घर में सो रही थी। गंभीर रूप से झुलसी

किशोरी की इलाज के क्रम में मौत हो गयी थी। मौत से पहले पीड़िता ने रांची रिम्स में मजिस्ट्रेट को दिये बयान में इन दोनों आरोपियों का नाम लिया था।

***************

आईपीएल क्रिकेट में आज जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े 7 बजे शुरू होगा।

*******समाप्त*******